NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.
RAJASTHAN PATRIKA, Surat, 9.2.2023
Page No. 3, Size:(18.30)cms X (6.68)cms.

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर बुलेट गति से निर्माण कार्य

वापी-बिलीमोरा के बीच 'पार' पर पहला रिवरब्रिज तैयार

ताप्ती, नर्मदा, माही और साबरमती जैसी महत्वपूर्ण नदियों पर होना है पुल का निर्माण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सूरत. मुम्बई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल कॉरिडोर पर वापी और बिलीमोरा स्टेशन के बीच वलसाड जिले की पार नदी पर पहला रिवरब्रिज तैयार हो गया है। पार नदी की कुल चौड़ाई 360 मीटर है। इस पर फुल स्पान गर्डर्स की लॉन्चिंग पूरी हो गई है। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर ताप्ती, नर्मदा, माही और साबरमती जैसी महत्वपूर्ण नदियों पर पुल का निर्माण किया जाना है। रेलमंत्री ने बुधवार को सोशियल मीडिया पर रिवरब्रिज की तस्वीरें शेयर की है।

गुजरात में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का कार्य भी बुलेट स्पीड से चल रहा है। हाल में मुम्बई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) के मुताबिक, वलसाड जिले की पार नदी पर बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत पहला रिवरब्रिज तैयार हो गया है। पार नदी पर कुल 8 स्पान गर्डर लगाए गए हैं। प्रत्येक की लंबाई 40 मीटर है। इस रिवरब्रिज के खंभों (पियर्स) की ऊंचाई 14.9 से 20.9 मीटर है। गोलाकार खंभे का व्यास 4-5 मीटर है।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को पार नदी पर तैयार हो रहे रिवरब्रिज की फोटो सोशियल मीडिया पर शेयर की है। इसमें उन्होंने नवंबर, दिसंबर और जनवरी माह में हुए कार्यों को दिखाते हुए तीन फोटो शेयर की है।

नवंबर से अब तक रिवर ब्रिज के निर्माण कार्य की स्थिति।

अन्य बुलेट ट्रेन स्टेशनों का भी निर्माण शुरू

गौरतलब है कि बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए 118 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए जमीनी ढांचा तैयार हो गया है। वापी से साबरमती के बीच अलग-अलग बुलेट ट्रेन स्टेशनों के निर्माण का काम भी शुरू हो गया है। सूरत में बनने वाला बुलेट ट्रेन के पहले स्टेशन पर दूसरी मंजिल का कार्य शुरू हो गया है।